भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 796
24 जुलाई, 2026 को जवाब दिया

अर्बन हाट कार्यक्रम की स्थिति

796. # श्री नीरज डांगीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कारीगरों/बुनकरों को प्रत्यक्ष विपणन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रमुख शहरों में अर्बन हाट की स्थापना को सुगम बनाने हेतु राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) का कार्यान्वयन किया है;

(ख) यदि हां, तो देश में विशेषकर राजस्थान राज्य में कितने अर्बन हाट चल रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार को राजस्थान सरकार ने नए अर्बन हाटों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): जी हां, वस्त्र मंत्रालय के अधीन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय एवं विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय क्रमशः राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम कार्यान्वित करता है,जिसके अंतर्गत कारीगरों एवं बुनकरों के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के प्रत्यक्ष विपणन को सुगम बनाने हेतु अर्बन हाटों की स्थापना के लिए दोनों कार्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ख): वर्तमान में, राजस्थान राज्य में 3 अर्बन हाट सहित देश में 28 अर्बन हाट चल रहे हैं।

(ग): नए अर्बन हाट की स्थापना के लिए राजस्थान सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****